नकली शराब कारोबार का पर्दाफाश, छापेमारी में शराब के अवैध निर्माण की फैक्ट्री का किया भंडाफोड़ - ILLEGAL LIQUOR FACTORY

कुचामनसिटी : चितावा थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नकली विदेशी शराब बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है. इस फैक्ट्री से हजारों खाली बोतलें और विभिन्न ब्रांड्स की नकली विदेशी शराब जब्त की गई है. पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा, कुचामन के एडिशनल एसपी नेमीचंद खारिया और पुलिस उपाधीक्षक अरविंद विश्नोई के निर्देशन में चितावा थाना प्रभारी लीलाराम के नेतृत्व में यह छापेमारी की गई.

नकली शराब की फैक्ट्री पकड़ी : एडिशनल एसपी नेमीचंद खारिया ने बताया कि फैक्ट्री से अवैध शराब बनाने की सामग्री और पैकिंग से संबंधित कई चीजें बरामद की गई हैं. पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में शराब के अवैध कारोबार में शामिल एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है और कई अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है. इसमें 3750 खाली खाकी रंग के कार्टून के गत्ते, स्प्रिट से भरा एक ड्रम, छह खाली ड्रम, दो लोहे की बोतल, दो सफेद रंग की खाली टंकी, प्लास्टिक के खाली 13,600 पव्वे और शराब की विभिन्न ब्रांड्स के लेबल व ढक्कन शामिल हैं.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/police-exposed-a-fake-liquor-factory-in-kuchaman-city-one-accused-arrested-rajasthan-news-rjs25022204702